तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 4 अक्टूबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 मुख्यमंत्री साय ने शहर में स्वच्छता अभियान चलाकर ...

12 शिक्षा विभाग नवागढ़ की टीम ने सांस्कृतिक...


## नवरात्रि विशेष



### द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-
दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

## पर्व : शारदीय नवरात्रि शुरू, शक्ति की भक्ति में डूबे श्रद्धालु

# देवी मंदिरों में जगमगाई आस्था की ज्योति पंडालों में विभिन्न रूपों में विराजीं मां दुर्गा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

शारदीय नवरात्रि के पहले दिन गुरुवार को माता के दरबार में शुभ मुहूर्त में आस्था के ज्योत जले। नगर की आराध्य देवी मां महामाया मंदिर में सुबह से देर-रात तक पूरी श्रद्धा के साथ भक्त दर्शन करने पहुंचते रहे। माँ

■ सुबह से देर-रात तक पूरी श्रद्धा के साथ भक्त दर्शन करने पहुंचते रहे

महामाया मन्दिर में परंपरा अनुसार प्रथम व प्रमुख ज्योत नगर प्रधान विकास धर दीवान ने मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान के साथ पूजन कर ज्योति प्रज्वलित की गई।

ज्योति प्रज्वलन के समय बंशीधर दीवान, श्याम बिहारी श्रीवास्तव, जितेंद्र नाथ योगी, रामनाथ योगी सहित श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

नवरात्र पर्व के पहले दिन सुबह से मंदिरों के पट के लिए खोल दिए गए थे। माता के दर्शन करने श्रद्धालुओं की कतार लगी थी। वहीं पहले दिन से महिलाओं ने उपवास रखकर अपने सुहाग व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। अब 9 दिनों तक माता की भक्ति में लीन रहेंगे। इस वर्ष महामाया मंदिर में भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योत जलाए गए हैं। वही मुरता रोड स्थित मां शक्ति मन्दिर सहित माँ शारदा मन्दिर,लखनी देवी,गायत्री मन्दिर, भैरव बाबा, लक्ष्मीनारायण मन्दिर आदि में ज्योत जलाए गए।

### गोंड़ राजा नरवरसाय ने करवाया था निर्माण

नवागढ़ के प्रसिद्ध महामाया देवी का निर्माण गोंड़ राजा नरवरसाय ने करवाया था। राजा शक्ति के उपासक थे, उन्होंने अपने किले के भीतर मां महामाई की मूर्ति स्थापित कर एक छोटे से मंदिर का निर्माण कराया था, जो आज उनके धार्मिक आस्था के रूप में नगर का मुख्य शक्ति आराधना केन्द्र है। जिसका प्रत्येक नवरात्र प्रथम ज्योत नगर के मालगुजार दीवान परिवार द्वारा जलाया जाता है। नगर के अलावा दूर-दराज के लोग भी देवी दर्शन कर अपने व परिजनों के लिए मंगलकामना करते नजर आए। नवागढ़ के मंदिरों में देर-रात तक मां के जयकारे गूंजते रहे।

*जिला मुख्यालय सहित अन्य नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही माता की जय-जयकार*



### नगर में सजा माँ दुर्गा का पंडाल

देवी मंदिरों के साथ ही नगर के विभिन्न स्थानों पर पंडाल सजाकर माता की मूर्ति की स्थापना की गई है। नवागढ़ में बस स्टैंड, ठाकुर देव महामाया पारा, देवांगन पारा, बीच पारा,सुकुल पारा, शंकर नगर, चौक आदि स्थानों में पंडाल सजाकर माँ दुर्गा की मूर्ति की स्थापना की गई।


### सैकड़ों ज्योति से जगमगाया बरगा का बंजारी धाम



**बेमेतरा/थान खमरिया।** तहसील मुख्यालय से महज 10 किमी दूर बरगा के बंजारी मंदिर में प्रतिवर्षानुसार बरगा के प्राचीन मंदिर बंजारी धाम में इस वर्ष शारदीय नवरात्र पर्व पर सैकड़ों मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई हैं। बंजारी मंदिर बरगा से खैरझिटीकला पर खेत खलियानों के बीच में स्थित है। यहां चैत्र नवरात्र व शारदीय नवरात्र दोनों पर्व पर श्रद्धालुओं द्वारा सैकड़ों मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की जाती है। नवरात्रि के इस नौ दिनों में प्रतिदिन श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहता है। खेतों से घिरे होने के कारण चारों ओर हरियाली एवं पास से गुजरते नहर मंदिर की शोभा को और भी बढ़ाते हैं।

### देवी मंदिरों में जली ज्योति, पंडालों में विराजीं मां दुर्गा

**बेरला।** गुरूवार से अंचल में शारदीय नवरात्रि की धूम मच गई है। देवी मंदिरों में ज्योति प्रज्जवलित किए जाने के साथ ही मां दुर्गा की प्रतिमा भव्य पंडालों में स्थापित की गई हैं। पंडालों में भक्तों की भीड़ जुटी रही और मां के जयकारे से पंडाल गूंज रहे हैं। ब्लॉक बेरला अंचल ग्राम सलधा, खम्हरिया एम, कोदवा, भिंभौरी, बारगांव, सरदा, परपोड़ा, देवरबीजा इत्यादि परिक्षेत्र में नवरात्रि की धूम सभी जगहों पर दिखाई दे रही है। वहीं, ग्राम मनियारी में जय अम्बे महादेव चौंक, महावीर कुँवा पारा चौक जय अम्बे समिति, महामाया चौंक जय दुर्गा समिति वाले दुर्गा पंडाल में मां दुर्गा कृपालु व पापनाशिनी स्वरूप की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं।



**सुरहोली में धूमधाम से मनाई जाती है शारदीय नवरात्रि :** प्रहलाद वर्मा ने बताया कि ब्लॉक बेरला के अंतर्गत ग्राम सुरहोली में शारदीय नवरात्रि पर्व बड़ी ही धूम धाम से मनाई जाती है। समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से मां शीतला मंदिर में 47 ज्योति एवं महामाया मंदिर में 35 ज्योति जागृत की गई है। दशहरा मैदान रंग मंच पर मां जगत जननी अम्बे मां की मूर्ति स्थापित कर समस्त ग्रामवासी मिलकर पूजा अर्चना की। भागवत महापुराण कथा यज्ञ पंडित चूड़ामणि महाराज तेढ़ुवा नवापारा बेमेतरा की मुखाग्र बिंदु से सुनने को मिलेंगे। साथ ही साथ रात्रि कालीन राज्य स्तरीय श्री राम लीला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें आठ गांव की मंडलियां भाग ले रही हैं।

### शांति व सौहार्द्रता के साथ मनाएं मां दुर्गा उत्सव

**बेमेतरा।** जिले के थाना व चौकी प्रभारियों एवं स्टाफ ने नवरात्रि पर्व की तैयारी एवं व्यवस्था को लेकर बुधवार दुर्गा उत्सव समितियों के साथ शांति समिति की बैठक ली। बैठक में अपने-अपने क्षेत्रों में में सौहार्द्र एवं शांति पूर्ण मां दुर्गा उत्सव के पावन पर्व को मनाने की अपील की। वहीं, साम्प्रदायिक, असामाजिक एवं रूढीवादी तत्वों पर सतत निगाह रखने, अश्लील व अभद्र व्यवहार न हो इसका पूर्ण ध्यान रखने की हिदायत दी। इसके साथ ही रात्रिकालीन धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा किसी प्रकार का अश्लील डांस तथा अशोभनीय गानों का संचालन न हों, ताकि धर्म संप्रदाय के धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे, इसका भी ध्यान रखें। साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्ण संयम के साथ करने के संबंध में निर्देश दिए।

■ जिले के थानों व चौकियों में हुई शांति समिति की बैठक

#### समिति के सभी सदस्यों के नाम व मोबाइल नंबर लिए गए

बैठक में पुलिस प्रशासन ने दुर्गा उत्सव समितियों के सभी सदस्यों के नाम और मोबाईल नंबर दिये जाने के लिए कहा गया। इसके अलावा शासन, प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने, समिति के सदस्यों को किसी भी प्रकार का नशा इत्यादि का सेवन नहीं करने, ना ही किसी प्रकार का अस्त्र, शस्त्र आयोजन के दौरान रखने, पंडाल में सीसीटीवी कैमरा रिकाडिंग की व्यवस्था रखने कहा वही मूर्ति स्थापना के दौरान किसी प्रकार से यातायात मार्ग अवरूद्ध व बाधित नहीं किये जाने तथा दुर्गा समितियों को पंडाल में सीसी कैमरा कैमरा लगाने, रात्रि पहरेदारी के लिए वेलेंटियर तैनात करने, असामाजिक तत्वों की जानकारी अविलंब थाना में देने को कहा गया।

## खबर संक्षेप

### बोधी दास ने लिया देहदान का संकल्प




**नवागढ़।** बहुजन समाज पार्टी विधान सभा नवागढ़ के कार्यालय सचिव बोधी दास ने अपने दिवंगत पुत्र डावेड डिवियर्स की छठवीं जयंती पर अपनी माँ रतन तथा स्वयं के शरीर को मृत्यु पश्चात मेडिकल छात्रों की पढाई के लिए दान करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि देहदान का संकल्प इसलिए लिया, ताकि उनका शरीर मृत्यु के बाद भी इंसानियत की सेवा के लिए इंसान को कुछ सीखा-पढ़ा सके।

### सुंदरलाल शर्मा मुक्त विवि में प्रवेश के लिए आवेदन 31 तक

**नवागढ़।** पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर के अध्ययन केंद्र शासकीय कोदुराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ में संचालित स्नातक, स्नातकोतर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन 31 अक्टूबर तक किया जा सकता है। समन्वयक अजीत सनम ने बताया कि स्नातक स्तर पर बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीलिव तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम अन्तर्गत एमए हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, छत्तीसगढ़ी, एमकॉम, एमएससी गणित, कम्युटर साइंस, योग विज्ञान, पीजीडीसीए, एमएस डबलू, एमबीए में प्रवेश लिया जा सकता है।

### देवारभाट में योग तपस्या कार्यक्रम आज

**बालोद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वावधान में संस्कार परिवर्तन से संसार परिवर्तन योग तपस्या का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत राजयोगी ब्रह्माकुमार आत्मप्रकाश भाई का बालोद आगमन 4 अक्टूबर को हो रहा है। देवारभाट में सुबह 7 बजे से रात्रि 8 बजे तक योग तपस्या कार्यक्रम चलेगा। भ्राता आत्मप्रकाश ने नागपुर विश्व विद्यालय से 1973 में एमएससी स्वर्ण पदक के साथ पास किया। सन 1976 में माउंट आबू मुख्यालय में अपना जीवन ईश्वरीय सेवार्थ समर्पित किया।

# कृषि उपज मंडी परिसर में शुरू हुआ गरबा महोत्सव

## मित्र मंडल समिति द्वारा किया जा रहा है आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय स्थित कोबिया मैदान में मित्र मंडल समिति द्वारा नवरात्रि पर्व पर भव्य रास गरबा का आयोजन किया गया है। समिति द्वारा गरबा आयोजन का यह दूसरा वर्ष है।

गुरुवार 3 अक्टूबर को रास गरबा का शक्ति की देवी मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। यहां पूरे 9 दिनों तक गरबा महोत्सव होगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु, भक्तिमय गीतों पर झूमकर अपनी श्रद्धा भक्ति प्रदर्शित करेंगे। ज्ञात हो कि रास गरबा महोत्सव का यह तीसरा वर्ष है। पिछले वर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन बीटीआई मैदान में किया गया था। इस बार इस कार्यक्रम का आयोजन कृषि उपज मंडी परिसर में किया जा रहा है । कार्यक्रम के आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पूरे शहर को एक सूत्र में पिरोने एवं धार्मिक संवर्धन करना है। इस कार्यक्रम में शहर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी भी पूरे परिवार सहित शामिल होकर 9 दिनों तक भक्ति में माहौल में रास गरबा का आनंद लेते हैं। रास गरबा के आयोजन के लिए पारंपरिक वेशभूषा जैसे कुर्ता पजामा लहंगा एवं साड़ी रखा गया है। इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को आयोजन समिति के द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रोत्साहन राशि प्रतिदिन इनाम स्वरूप भी दिए जाते हैं।



## पूर्व विधायक छाबड़ा ने ग्रामीणों को दी सौगात

# चेटवा में सांस्कृतिक भवन व शीतला मंदिर में हुए कार्यों का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्राम पंचायत चेटवा में अपने विधायकी कार्यकाल के दौरान किए गए संस्कृत भवन निर्माण के कार्यों व माता शीतला मंदिर में कराए गए मरम्मत कार्य का लोकार्पण किया।

विदित हो कि अपने विधायक के कार्यकाल में आशीष छाबड़ा ने सतनाम समाज के पूज्यनीय स्थल अमरपुरीधाम के विकास के लिए विभिन्न कार्यों की स्वीकृति कराई तथा उन्हें धरातल पर भी उकेरा जिसमें ग्राम चेटवा तक पहुंच मार्ग हेतु पुल पुलिया सड़क निर्माण की स्वीकृति दिलाना तथा उसे पूर्ण कराया जाना जिससे रायपुर रोड तथा बेरला रोड से आने वाले श्रद्धालुओं तथा आम जनता को सुविधा मिल सकी। इसी कड़ी में, पूर्व विधायक आशीष छाबडा ने अपने कार्यकाल में ग्राम चेटवा में संस्कृतिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रुपए स्वीकृत किए थे तथा शीतला मंदिर के मरम्मत निर्माण कार्य हेतु 2 लाख की स्वीकृति अपने विधायक निधि से की थी, जिसका लोकार्पण ग्राम वासियों के आमंत्रण पर मुख्य अतिथि के रूप में किया। कार्यक्रम में शुभम वर्मा पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नवाज खान जनपद सदस्य पलक राम साहू सुरेश तिवारी विद्या चतुर्वेदी सरपंच ग्राम पंचायत चेटवा चंद कुमार सोनवानी चीनीदास सुखीराम मारकंडे भगवती बंजारे फूलचंद मारकंडे सोहन साहू हरिनारायण साहू तोरण साहू भगवानी राम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे ।



## ग्राम पथर्रा में प्लांट लगाए जाने के विरोध में किया जा रहा है प्रदर्शन

# धरनास्थल पर देवी प्रतिमा स्थापित नहीं करपाए आंदोलनकारी, प्रशासन ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम पथर्रा में इथेनॉल प्लांट लगाने के विरोध में चल रहे धरना प्रदर्शन स्थल पर ग्रामीणों ने नवरात्रि पर्व पर माता दुर्गा की स्थापना कर पूजा-अर्चना की तैयारी कर ली थी। लेकिन, प्रशासन द्वारा उस पर प्रतिबंध लगा दिया गया। इसे लेकर ग्रामीणों और प्रशासन के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। पर प्रशासन ने आंदोलन स्थल में स्थापना की अनुमति नहीं दी। इस दौरान काफी संख्या पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद रही।

■ ग्रामीणों ने लगाया आरोप- प्लांट मालिक के प्रति वफादारी निभा रहा प्रशासन

बता दें कि ग्राम पथर्रा में विगत ग्यारह दिनों से एथेनाल प्लांट को बंद करने की मांग को लेकर ग्रामीण और किसान आंदोलन कर रहे है। सारे ग्रामीण धरना स्थल में दिनभर डटे रहते हैं और गांव में हर साल माता की भक्ति करते आ रहे हैं। इस बीच नवरात्रि एवं माता दुर्गा पर्व आ गया है। इसे देखते हुए आंदोलनकारियों ने धरना स्थल पर ही देवी प्रतिमा की स्थापना कर पर्व मनाने का निर्णय लिया, लेकिन प्रशासन ने इस पर रोक लगा दी गई। प्रशासन के रोक लगाने से ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। आंदोलनकारियों का कहना है कि उद्योग पति के इशारे पर चार निर्दोष ग्रामीणों को पहले जेल पहुंचा चुका बेमेतरा जिला प्रशासन एक बार फिर उद्योगपति के प्रति अपनी वफादारी का परिचय देते हुए धरना स्थल पर पुलिस फोर्स लगाकर आस्था के साथ खिलवाड़ करने से भी नहीं चूका। ग्रामीणों का कहना है कि हम आंदोलन के साथ अपनी धार्मिक आस्था के साथ नवरात्र पर्व को मानने के लिए तैयारी कर रहे थे। पर जिला प्रशासन पुलिसिया रौब दिखाते हुए उनकी आस्था पर पानी फेर रहा है।

धरना स्थल जहां पर माता दुर्गा की प्रतिमा विराजमान किया जाना प्रस्तावित है, वहां पर किसी प्रकार की किसी को कोई बाधा नहीं होनी है। हर जगह नवरात्रि पर्व का आयोजन किया जाता है, वहां कभी भी किसी ने आपत्ति नहीं की है।प्रशासन द्वारा माता दुर्गा की प्रतिमा विराजमान नहीं करने देने के पीछे एथेनाल प्लांट मालिक का ही हाथ है।क्योंकि उसके द्वारा इसी मार्ग से गैर कानूनी कार्य को बाहर से लाए गए लठैत द्वारा करवाया जा रहा है। इसी भय का परिणाम है कि आज माता दुर्गा की स्थापना पर पुलिस फोर्स के बल के दम पर रोका जा रहा है। हिंदुत्व की पक्षधर सरकार के राज्य में ऐसा होना बेहद दुर्भाग्य पूर्ण है।



### फैक्ट्री में शटर का ताला तोड़कर चोरी

**भिलाई।** फैक्ट्री के शटर का ताला तोड़कर चोरी करने वाले अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305, 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि दीपक नगर दुर्ग निवासी फैक्ट्री संचालक सागर जुमनानी का कोमल फुड प्रोडक्ट के नाम से ग्राम कोनारी मे दुर्ग बालोद मुख्य मार्ग पर फैक्ट्री है। जहां सुपारी ईलाचयी ट्रेडिंग का व्यवसाय किया जाता है। 28 सितंबर को फैक्ट्री का मैनेजर प्रणय मिश्रा अपनी काम खत्म कर रात 8 फैक्ट्री में ताला जड़कर घर चला गया था। दूसरे दिन सुबह मैनेजर फैक्ट्री खोलने पहुचाय था। जहां देखा फैक्ट्री के शटर का ताला टूटा पड़ा मिला।

**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### मरीन ड्राइव में जल सेवा केंद्र का शुभारंभ 4 को

रायपुर। साधक परिवार द्वारा राजधानी के तेलीबांधा तालाब किनारे मरीन ड्राइव में 4 अक्टूबर को आम जनता के लिए शीतल जल सेवा का शुभारंभ किया जायेगा। सांसद बृजमोहन अग्रवाल शाम 4 बजे पार्षदों की मौजूदगी में जल सेवा केन्द्र का शुभारंभ करेंगे। इससे पहले शहर के 4 स्थानों पर जन कल्याण को ध्यान में रखकर स्थायी वाटर कूलर की स्थापना की गई है। इनमें भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल परिसर, अमलेश्वर थाना के सामने, वीआईपी चौक में शीतल जल की व्यवस्था करने वाटर कूलर लगाया गया है।

### प्रदेश प्रभारी पायलट और बैज का किया स्वागत



रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश बढ़ते अपराध, महिलाओं पर अत्याचार, चाकूबाजी, लूटमार डकैती एवं नशाखोरी के खिलाफ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में न्याय यात्रा की शुरुआत विगत 27 सितंबर से बाबा गुरु घासीदास के जन्मस्थली तपोभूमि गिरौदपुरी से प्रारंभ होकर 130 किलोमीटर चलकर बुधवार को सुबह 12 बजे रायपुर पहुंची। राजधानी पहुंचने पर पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड पंडरी में नगर निगम के पार्षद एवं संस्कृति विभाग के भारसाधक आकाश तिवारी अपने सैकड़ों समर्थक जो हाथ में कांग्रेस का झंडा लिए युवा, वृद्धजन और बच्चे सहित वार्ड की महिलाओं ने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, दीपक बैज जिंदाबाद के गगनभेदी नारों से प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री बैज का बीमा कार्यालय के पास निर्मित मंच पर गज माला और साफा पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम दौरान रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### न्याय यात्रा का मिनीमाता परिसर में स्वागत



रायपुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी द्वारा गिरौदपुरी धाम से गांधी मैदान तक निकाली पदयात्रा का जोन 2 अध्यक्ष बंटी होरा , पार्षद कामरान अंसारी सहित वार्डवासियों के साथ स्वागत किया। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में यह पदयात्रा निकाली गई। पंडरी स्थित मिनी माता परिसर पहुंचने पर पदयात्रा में शामिल लोगों का वार्ड के युवाओं और महिलाओं ने भव्य स्वागत किया । स्वागत में सबसे पहले मिनी माता व महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही पदयात्रियों को शरबत वितरण किया ।

### आजाद चौक में मनाई महात्मा गांधी की जयंती



रायपुर। आजाद चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा स्थल में बुधवार को महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के फोटो पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि कर दोनों महापुरुषों की जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था परिवार के परिजनों उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में प्रतिमा में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन पीएन तिवारी, अजय जैन, छबिराम चंद्राकर, बसंत कश्यप, मुक्ति बैस, आचार्य प्रहलाद मिश्रा, पी संतोष नायडू, चंद्रहास मौर्या द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, मंगल सिंह, चंद्रकांत पांडे, परसराम अहीर, सुनील बाजारी, राजेन्द्र उमाठे, भारत भूषण मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री दिल्ली में शाह से 7 को करेंगे मुलाकात, निगम मंडल में नियुक्ति पर होगी बात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 6 अक्टूबर को नई दिल्ली के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। दौरे के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। बताया जाता है कि मुलाकात के दौरान राज्य में होने वाली निगम मंडल की नियुक्तियों के संबंध में बात हो सकती है। भाजपा सरकार के 9 माह का कार्यकाल पूरा हो चुका है। निगम मंडल में नियुक्तियों को लेकर पिछले कुछ दिनों से संगठन और सरकार के स्तर पर चर्चाएं चल रही हैं।

भाजपा सरकार बनने के बाद संगठन के कई पदाधिकारियों को निगम मंडल में नियुक्त करने के संबंध में पार्टी आलाकमान को नाम भेजे गए थे। नामों पर सहमति नहीं बन पाने के कारण इसकी सूची जारी नहीं हो पाई। पार्टी ने पांच प्राधिकरण में उपाध्यक्ष की नियुक्ति की थी।

इन प्राधिकरण में नियुक्ति के बाद इस बात की चर्चा है कि शेष निगम मंडल में राजनीतिक आधार पर मिलने वाली नियुक्ति को जल्द हरी झंडी मिलेगी। मुख्यमंत्री के 6 अक्टूबर को दिल्ली दौरे के दौरान 7 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात का कार्यक्रम तय किया गया है। मुलाकात के दौरान निगम मंडल के नामों पर सहमति बनने की संभावना बताई जा रही है। भाजपा ने कहा था कि लोकसभा चुनाव का परफार्मेंस देखने के बाद निगम मंडल में नियुक्ति की जाएगी।

## मुख्यमंत्री 6 को जाएंगे दिल्ली

### तीन दर्जन नेताओं के नाम

निगम मंडल में नियुक्ति के लिए भाजपा संगठन के तीन दर्जन से अधिक पदाधिकारियों को मौका दिया जाना है। उनके नामों की सूची भाजपा आलाकमान को भेजी गई है। नामों में कई विधायक, पूर्व विधायक और संगठन के पदाधिकारी भी शामिल हैं। बताया जाता है कि नगरीय निकाय चुनाव के पहले नियुक्ति करने पर स्थानीय संगठन का दबाव है। ऐसे में इन नियुक्तियों को लेकर फिर एक बार चर्चा शुरू हो गई है।



### महीनों से है इंतजार

भाजपा की सरकार आने के बाद पार्टी के नेता महीनों से इसके इंतजार में हैं। कई पुराने नेता इसके लिए संगठन के बड़े पदाधिकारियों के जरिए जोड़तोड़ में लगे हैं। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर निगम मंडल आयोग के पदाधिकारियों की नियुक्ति की सूची वायरल हो रही है। इसे लेकर भी दावेदारों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं।

## सेवा ही समर्पण पखवाड़ा का समापन

# मुख्यमंत्री साय ने शहर में स्वच्छता अभियान चलाकर किया जन जागरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा ही समर्पण पखवाड़ा का आयोजन करती है। इसमें स्वच्छता अभियान का विशेष महत्व होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल स्वच्छ भारत को भाजपा कार्यकर्ता बेहद गंभीरता से क्रियान्वित करते हैं और सभी जिलों के मंडलों और बूथों में स्वच्छता अभियान चला कर जनता को जागरूक करने का प्रयास किया जाता है।

इसी कड़ी में भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा अध्यक्ष जयंती पटेल के नेतृत्व में आज रायपुर शहर अंतर्गत आजाद चौक क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव सहित रायपुर शहर जिला के प्रादेशिक और जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित उपस्थित तमाम नेताओं ने आसपास के क्षेत्र में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाकर जन जागरण लाने का प्रयास किया। आजाद चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे पुष्पांजलि अर्पित कर स्मरण किया। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम पर स्वच्छता मित्रों को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी सहायिकाओं और महिला स्वसहायता समिति की बहनों को भी सम्मानित किया गया।



### जनता सेवा सर्वोपरिः साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, सेवा भाजपा का मूलमंत्र है और भाजपा द्वारा चलाई जा रही योजनाएं चाहे वह केंद्र सरकार की हों या राज्य सरकार की योजना में जनहित और जनता सेवा सर्वोपरि है। साथ ही स्वच्छता अभियान चलाकर प्रधानमंत्री ने भारत में स्वच्छता में आमूलचूल परिवर्तन लाया है। आज गांधी जयंती पर सेवा ही समर्पण पखवाड़े जा समापन स्वच्छता अभियान चला कर किया जा रहा है। प्रदेश की जनता से स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने की अपेक्षा करते हैं, क्योंकि स्वच्छ भारत स्वास्थ्य भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेगा।

### देश में वैश्विक बदलाव लाया- बृजमोहन

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, भाजपा स्वच्छ भारत निर्माण के दृढ़ संकल्पित है। सेवा ही समर्पण के माध्यम से भाजपा पूरे भारत के हर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चला कर जागरूकता लाने का प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान ने देश की स्वच्छ तस्वीर में वैश्विक बदलाव लाया है। भाजपा ने पूरे पखवाड़े सेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया और आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### हमें जागरूक रहना चाहिए : कश्यप

रायपुर के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप स्वच्छता अभियान के तहत पुरानी बस्ती मंडल में श्रमदान किया। सफाई मित्रों और आंगनबाड़ी सहायिकाओं का सम्मान भी किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा, स्वच्छ भारत के निर्माण से ही विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी। स्वच्छता हर भारतीय की नैतिक जिम्मेदारी है और हम सभी को स्वच्छता इसके प्रति जागरूक रहना चाहिए।

### यहां भी हुए कार्यक्रम

रायपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक राजेश मूणत ने वीर शिवाजी वार्ड खमतराई बाजार में स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सफाई कर्मियों को साल, श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। वहीं ग्रामीण विधानसभा विधायक मोतीलाल साहू ने बिरगांव मंडल के बुधवारी बाजार में सफाई अभियान चलाकर सदस्यता महा अभियान किया। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने तेलीबांधा मंडल के मरीन ड्राइव में स्वच्छता अभियान चलाया।

# परिवार परामर्श केंद्र की मध्यस्थता से बिखरते परिवार आपस में मिले




हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छोटी-छोटी बातों को लेकर होने वाले विवाद के चलते पति-पत्नी तथा परिवार के बीच अलगाव की स्थिति निर्मित होती है। स्थिति यहां तक पहुंच जाती है कि परिवार टूटने की कगार पर पहुंच जाता है। ऐसे विवादों के चलते मामला अब थाने तक पहुंच रहा है। पारिवारिक झगड़ों में सुलह कराने के साथ उन्हें मिलाने का काम महिला पुलिस का परिवार परामर्श केंद्र कर रहा है।

- पुलिस की मध्यस्थता से 40 प्रतिशत परिवार टूटने से बचे

आईएसीयूडब्लू की एएसपी ललिता मेहर तथा डीएसपी ममता देवांगन के मुताबिक एसएसपी डॉ. संतोष सिंह के मार्गदर्शन में घरेलू विवाद के मामलों में दोनों पक्षों को सुनने के बाद विवाद सुलझाने के प्रयास किए जाते हैं। घरेलू तथा पति-पत्नी के विवाद की महिला थाना में 1656 शिकायतें आई हैं। इनमें से 718 प्रकरणों में आपसी सुलह कराकर परिवार को टूटने से बचाया गया है। महिला अफसरों के मुताबिक जिन परिवारों को काउंसिलिंग कर टूटने से बचाया गया है, उन परिवार के संपर्क में महिला पुलिस लगातार रहती है। साथ ही परिवार का बीच-बीच में हालचाल जानने का काम महिला पुलिस करती रहती है। महिला अफसरों के मुताबिक महिला थाना में ज्यादातर शिकायतें पति के शराब पीकर मारपीट करने तथा विवाद करने की आती हैं।

# गाड़ियों से सड़क जर्जर, डस्ट से रोड डिवाइडर में लगे पेड़-पौधे भी मर रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

शदाणी दरबार के सामने बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड से लगे कंक्रीट मिक्चर क्रशर प्लांट में चलने वाली भारी कैप्सूल गाड़ियों के कारण कालोनीवासियों की परेशानी बढ़ी हुई है। इन गाड़ियों के कारण हाउसिंग बोर्ड कालोनी में आने-जाने वाली सड़क जहां जर्जर होने से आवागमन में परेशानी आ रही है, भारी गाड़ियों के चलने से काला व सफेद डस्ट हवा में उड़कर लोगों के घरों तक जा रहा है। इस डस्ट के कारण क्षेत्र को हरा-भरा एवं सौंदर्यीकरण करने रोड डिवाइडर पर लगाए गए पेड़-पौधे भी मरने लगे हैं।

हाउसिंग बोर्ड कालोनी बोरियकला के कुछ रहवासियों ने हरिभूमि से इस संबंध में शिकायत की थी, जिसके बाद टीम ने हाउसिंग बोर्ड कालोनी में जाकर इसकी पड़ताल की। इस पड़ताल से पता चला कि हाउसिंग बोर्ड कालोनी और प्लांट जाने एक ही सड़क है। इस सड़क के बीच में डिवाइडर बनाया गया है, जिसमें सौंदर्यीकरण करने वृक्षारोपण किया गया है। इस डिवाइडर में सैकड़ों छोटे-बड़े पेड़ लगे हुए हैं, जो इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को हरियाली का अहसास कराता है, लेकिन प्लांट और कालोनी जाने का एक ही रास्ता होने के कारण इस मार्ग की दोनों तरफ की सड़क भारी गाड़ियों के गुजरने से जर्जर हो रही है।

यही नहीं, प्लांट और उसकी गाड़ियों के कारण यहां हवा में उड़ कर काला-सफेद डस्ट पेड़-पौधों पर भी बैठ रहा है, जिसके कारण कई पेड़-पौधों से हरियाली गायब हो गई है। कई पेड़ तो सूख चुके हैं। यह डस्ट प्लांट से लगे कई घरों तक पहुंच रहा है, जिसके कारण लोगों के घर की सफाई का काम भी बढ़ गया है। हर रोज घर की छत, आंगन व दीवारों की सफाई करना या कराना पड़ रहा है।



### नियम के अनुसार प्लांट जाने का अलग रास्ता होना चाहिए

ग्रीन्सवील बोरियाकला रेसिडेंट वेलफेर सोसाइटी के अध्यक्ष केवीआर मूर्ति ने बताया कि नियम के अनुसार क्रशर प्लांट का रास्ता अलग होना चाहिए। इस नियम के तहत प्लांट के लिए अलग रास्ता है या नहीं, इसकी जानकारी कोई दे नहीं रहा है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर पूर्व में जिला कलेक्टर, हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर से भी शिकायत की गई है, लेकिन अब तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# 70 हजार से ज्यादा राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं, फंसा केवाईसी का पेंच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर जिले में अब तक 70 हजार 445 राशन कार्ड धारकों ने नवीनीकरण नहीं कराया है। इन कार्डों के 5 लाख 16 हजार 350 सदस्य हैं, जिन्होंने अब तक अपना ई-केवाइसी भी नहीं कराया है। केवाइसी का काम पूरे भारत में चल रहा है, वहीं नवीनीकरण का काम छत्तीसगढ़ में सरकार बदलने के बाद से शुरू हुआ है। केवाइसी के लिए अब तक केंद्र सरकार ने अंतिम तारीख घोषित नहीं की है, लेकिन नवीनीकरण के लिए शासन ने 31 अक्टूबर निर्धारित किया है। इसके बाद नवीनीकरण का काम पूरी तरह से बंद हो जाएगा। विभागीय अधिकारियों की मानें, तो आगामी दिनों में उन्हीं कार्ड धारकों को खाद्यान्न मिलेगा, जिन्होंने नवीनीकरण करा लिया है, क्योंकि इसके बाद राशन दुकानों में नए कार्ड से ही धारक को खाद्यान्न वितरण किया जाना है।

### नवीनीकरण के बाद नया कार्ड मिलने तक पुराना मान्य



निर्धारित तारीख तक नवीनीकरण करा चुके कार्ड धारकों को ही राशन दुकानों से खाद्यान मिल पाएगा। नवीनीकरण कराने के बाद जब तक नया कार्ड बनकर धारक को मिल नहीं जाता, तब तक पुराना कार्ड मान्य रहेगा। नया कार्ड मिलने के बाद पुराना कार्ड अमान्य हो जाएगा। यही कारण है कि कार्ड धारक को नया कार्ड देने के दिन ही पुराना कार्ड जमा कराया जा रहा है।

**नवीनीकरण नहीं कराने वालों में 55 हजार से ज्यादा एपीएल धारक :** विभागीय सूत्रों के अनुसार जिले में नवीनीकरण नहीं कराने कार्ड धारकों में 55 हजार से ज्यादा एपीएल धारक हैं। नवीनीकरण का काम विधानसभा चुनाव 2023 के बाद से शुरू हुआ है। इस बीच लोकसभा चुनाव के कारण दो महीने तक नवीनीकरण का काम आचार संहिता के कारण बंद रहा। लोकसभा चुनाव के बाद नवीनीकरण का काम दोबारा शुरू किया गया। इसके बाद नवीनीकरण की अंतिम तारीख करीब दो से तीन बार बढ़ाई जा चुकी है, लेकिन इसके बाद भी छूटे कार्ड धारक नवीनीकरण कराने में रुचि नहीं ले रहे हैं।

### रायपुर निगम क्षेत्र में 2 लाख 90 हजार से अधिक सदस्यों ने नहीं कराया केवाइसी

जिले में कुल 21 लाख 86 हजार 883 कार्ड सदस्य हैं। इनमें केवाइसी नहीं कराने वाले सदस्यों में सर्वाधिक रायपुर के हैं। यहां 9 लाख 91 हजार 316 कार्ड सदस्य हैं, जिनमें से 2 लाख 90 हजार 866 सदस्यों ने अब तक केवाइसी नहीं कराया है। इसी प्रकार अभनपुर में 35376, धरसींवा 41806, आरंग 61535, तिल्दा 36648, माना 2800, गोबरानवापारा 6710, तिल्दा नेवरा 9698, खरोरा 2803, बिरगांव 19149, कुरा 1792 आदि के कार्ड सदस्य शामिल हैं।

### ई-केवाइसी-नवीनीकरण कराना अनिवार्य

ई-केवाइसी और नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। केवाइसी के बाद ही नवीनीकरण होना है। नवीनीकरण का काम 31 अक्टूबर के बाद बंद हो जाएगा। इसके बाद नवीनीकरण करा चुके कार्ड धारकों को ही दुकानों से खाद्यान्न मिलना है। परेशानी से बचने के लिए छूटे लोगों को समय रहते कराना होगा नवीनीकरण।

- भूपेंद्र मिश्रा,
जिला खाद्य नियंत्रक, रायपुर

## न्याय यात्रा सड्डू से होते हुए पंडरी के रास्ते शहर के अंदर हुई दाखिल

# न्याय यात्रा के जाम में फंसे शहरवासी, व्यस्त मार्गों पर जाम की स्थिति रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

कांग्रेस की न्याय यात्रा का बुधवार को समापन हुआ। यात्रा सड्डू से होते हुए गांधी मैदान पहुंची। न्याय यात्रा के कारण शहर के व्यस्त मार्गों पर जाम की स्थिति रही। लोग जाम में बुरी तरह से फंसे रहे। उमस की वजह से जाम में फंसे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने गलियों का सहारा ले रहे थे। इसके कारण गलियों के अंदर भी वाहन फंसते रहे।

गौरतलब है कि न्याय यात्रा सड्डू से होते हुए पंडरी के रास्ते शहर के अंदर दाखिल हुई। इसके चलते विधानसभा मार्ग पर बसों का आवाजाही रोक दी गई थी। साथ ही विधानसभा से सड्डू आने वाले मार्ग पर छोटे मालवाहक वाहनों की आवाजाही रोक दी गई थी। न्याय यात्रा के कारण रेलवे स्टेशन तथा अस्पताल जाने वाले लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ा।



### सुबह यात्रा निकलने से थोड़ी राहत

न्याय यात्रा सुबह साढ़े नौ बजे सड्डू स्थित अमर मैरिज पैलेस से शुरू हुई। इसके चलते लोगों को थोड़ी राहत मिली। यात्रा के शास्त्री चौक से पहले तक ऑफिस जाने वालों की आवाजाही शुरू हो गई थी। इसके कारण शास्त्री चौक पर लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। नलघर चौक मार्ग को न्याय यात्रा के कारण मंगलवार रात से बंद कर दिया गया था।

### घंटों पहले मोवा, पंडरी मार्ग बंद

न्याय यात्रा में कार्यकर्ताओं की भीड़ तथा यात्रा में शामिल होने वाले नेताओं को ध्यान में रखते हुए मोवा, पंडरी मार्ग को सुबह पहले वन वे किया गया, जिसे बाद में बंद कर दिया गया। इस वजह से मोवा से पंडरी आने वाले लोगों को आवाजाही करने में परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों को वैकल्पिक रास्ते से शहर आना पड़ा।

### शास्त्री चौक पर लोग जाम में फंसे

न्याय यात्रा की वजह से शास्त्री चौक पर कलेक्टोरेट तथा जयस्तंभ चौक से आवाजाही करने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शास्त्री चौक से न्याय यात्रा गुजरने के बाद ट्रैफिक पुलिस को ट्रैफिक क्लीन कराने मशक्कत करनी पड़ी। न्याय यात्रा के कारण बिजली ऑफिस चौक, कालीबाड़ी में जाम की स्थिति रही।

# मच्छर उन्मूलन के लिए न कंट्रोलरूम बना, न टोल फ्री नंबर का ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहवासियों को मच्छरों के डंक से राहत दिलाने के मामले में नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग फिसड्डी साबित हो रहा है। शहर में मच्छर उन्मूलन के लिए फागिंग का काम वार्ड स्तर पर नियमित रूप से नहीं होने और एंटी लार्वा अभियान में कोताही के कारण मच्छरों की समस्या से लोग परेशान हैं। हालांकि निगम प्रशासन ने शहर 70 वार्डों में मच्छरों के उन्मूलन के लिए पहली बार निजी एजेंसी को ठेका दिया है, पर अनुबंधित एजेंसी ने अब तक अपना काम शुरू नहीं किया। यहां तक कि निगम के स्वास्थ्य महकमे ने जनता की सुविधा के लिए कंट्रोलरूम की स्थापना भी नहीं की है।

## शहरवासी मच्छरों से परेशान, वार्डों में फागिंग और एंटी लार्वा छिड़काव बंद

**खास बातें**

- नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग बेसुध
- मच्छरों के उन्मूलन के लिए पहली बार निजी एजेंसी को दिया ठेका




### वर्कआर्डर कर दिया है

अनुबंधित एजेंसी को वर्कआर्डर जारी किया गया है, आम जनता की सुविधा के लिए मुख्यालय में कंट्रोलरूम जल्द खोला जाएगा।
- डॉ. तृप्ति पाणिग्राही, स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम रायपुर

नगर निगम प्रशासन शहर में मच्छर उन्मूलन को लेकर गंभीर नहीं है। शहर के कुछ अंदरूनी व आउटर के इलाकों में फागिंग नही होने से लोगों ने इसकी शिकायत संबंधित जोन दफ्तर में दर्ज कराई है, पर डीजल की कमी और फागिंग मशीन खराब होने का हवाला देते हुए फागिंग नहीं कराई जा रही है। मुख्यालय के स्वास्थ्य विभाग ने 70 वार्डों में एक साथ एकीकृत योजना बनाकर मच्छर उन्मूलन कार्य के लिए ऑनलाइन टेंडर भी किया। इसमें दुर्ग की एजेंसी को 1 करोड़ 3 लाख में ठेका मिला है। अनुबंधित एजेंसी को 100 कर्मचारी रखकर यह काम करना है। सूत्रों के मुताबिक आज तक यह काम शुरू नहीं हो पाया है, यहां तक कि मच्छर उन्मूलन के कार्य पर नजर रखने निगम मुख्यालय में कंट्रोलरूम भी नहीं खुला।

## खबर संक्षेप



### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** माना थाने की पुलिस ने डुमरतराई थोक सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने आए कारोबारी के पिकअप वाहन से नकदी 50 हजार रुपए चोरी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक बिरगांव में सब्जी का कारोबार करने वाले टिंकू सोनी की शिकायत पर धनेश्वर पटेल को गिरफ्तार किया गया है। घटना में शामिल एक अन्य आरोपी फरार है। सब्जी मंडी में भीड़ होने की वजह से कारोबारी ने अपना पिकअप सब्जी मंडी के गेट के पास खड़ा कर दिया था। इस बात का फायदा उठाते हुए धनेश्वर तथा उसके साथी ने पिकअप की सीट के नीचे रखी नकदी पर हाथ साफ कर दिया था।

### सच्चियाय माता की भव्य शोभायात्रा 6 को

**रायपुर।** श्री सच्चियाय माता सेवक संघ द्वारा 6 अक्टूबर को सुबह 11 बजे श्री सच्चियाय माता कुलदेवी (ओसियां) की भव्य शोभायात्रा मंडी गेट पंडरी स्थित मंदिर से प्रारंभ होगी। समिति के सदस्य राजकुमार राठी ने बताया कि शोभायात्रा का समापन गुजराती स्कूल, देवेंद्र नगर में होगा। इसके बाद सामूहिक पूजा कर महाआरती की जाएगी। उन्होंने बताया कि महाआरती के बाद माता को 56 भोग चढ़ाया जाएगा, जिसके बाद शाम को रास गरबा एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में सूरत एवं दिल्ली के कलाकार निलेश बाफना एवं पुलकित खटेड द्वारा सच्चियाय माता के भजनों की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। श्री सच्चियाय माता ओसवाल समाज, माहेश्वरी समाज सहित अनेक समाज की कुलदेवी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेन्द्र बैद, मनीष समदड़ीया, जयकिशन मोहता, पवन करणानी, सुभाष कोठारी, नरेंद्र पारख, मनीष सिंघी, संजय बैद, उमेद बैद, कमलेश चोपड़ा, पवन मोहता, रंजु बैद सहित हजारों माता के भक्त उपस्थित रहेंगे।

### रक्तदान और मेगा स्वास्थ्य शिविर में 500 ने कराई जांच

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब आफ रायपुर वेस्ट और रायपुर वेलफेयर फाउंडेशन सोसाइटी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, बालाजी हॉस्पिटल मोवा के साथ रक्तदान एवं मेगा स्वास्थ्य शिविर का संयुक्त आयोजन किया गया। शिविर में सभी के प्रयास से 90 यूनिट रक्तदान किया गया और तकरीबन 500 लोगों का हेल्थ चेकअप किया गया, इस अवसर पर 18 वरिष्ठ लोगों का सम्मान भी किया गया। विधायक पुरंदर मिश्रा, रविवि के वाइस चांसलर प्रो. डॉ. सच्चिदानंद शुक्ल, एआईजी ट्रैफिक पुलिस संजय शर्मा के अलावा प्रवीण अग्रवाल, विष्णु गोयल, रूपेश जैन, डॉ. राजेंद्र सिंघानिया, हरभजन बहल, रामानुज पुरोहित, गोपी माथानी, आरके गुप्ता, सीएस ठाकुर, सतीश भूटानी, विनोद काशिव, मनोज अग्रवाल, आईडी कलवानी, विजय अग्रवाल, श्रीकांत गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## पायलट, महंत, बघेल, सिंहदेव सहित वरिष्ठ नेता पदयात्रा में हुए शामिल

# न्याय यात्रा का शहर में जगह-जगह स्वागत, सभास्थल पर उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गिरौदपुरी से शुरू हुई 6 दिन की न्याय यात्रा का समापन बुधवार को रायपुर के गांधी मैदान पर हो गया। सड्डू से गांधी मैदान तक 8 किमी तक सैकड़ों स्थानों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न व्यापारिक संगठनों, आम नागरिको ने यात्रा का स्वागत किया। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा और शहर के महापौर एजाज ढेबर सहित पार्षदों और एमआईसी मेंबर ने भी कई जगहों पर पंडाल लगाकर स्वागत किया। गांधी मैदान पर आयोजित सभा में ठसाठस भीड़ रही। कार्यक्रम के खत्म होने से पहले तक विभिन्न वार्डों से आए कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए।

- विभिन्न वार्डों से आए कांग्रेसी कार्यकर्ता हुए शामिल

सड्डू से सुबह सेवादल द्वारा झंडोत्तोलन, ध्वज गीत और राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत के गायन के साथ यात्रा की शुरुआत हुई। न्याय यात्रा के पंडरी प्रवेश के साथ ही छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, सह-प्रभारी एसए सम्पत, जरिता लेफतलांग, विजय जांगिड़ सहित वरिष्ठ नेता पदयात्रा में शामिल हुये। बड़े नेताओं शामिल होने के साथ ही रास्ते में वार्ड पार्षद और पदाधिकारियों ने अपने क्षेत्र में पद यात्रियों के स्वागत फूल माला पहना कर किया। रायपुर पहुंची न्याय पदयात्रियों का पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड पंडरी में नगर निगम के पार्षद एवं संस्कृति विभाग के भार साधक आकाश तिवारी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ स्वागत किया। महापौर एजाज ढेबर सैकड़ों साथी के साथ रैली में शामिल हुए।

सचिन पायलट एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का बीमा कार्यालय के पास निर्मित मंच पर गज माला एवं साफा पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम दौरान रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा विशेष रूप से उपस्थित रहे।



### कांग्रेस जनों ने किया भव्य स्वागत : विकास

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं का हजारों महिलाओ ने कांग्रेस जनों का भव्य स्वागत किया। विकास उपाध्याय कहा, न्याय यात्रा का गांधी मैदान पर समापन हुआ। विकास उपाध्याय ने हजारों महिलाओं एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ नगर निगम मुख्यालय के समीप छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव एवं नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत का आत्मीय एवं भव्य रूप से स्वागत किया।

### कांग्रेस को क्षमा यात्रा निकालनी चाहिए : साय



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस की ओर से निकाली जा रही न्याय यात्रा को लेकर कहा, कांग्रेस को न्याय यात्रा की जगह क्षमा यात्रा निकालनी चाहिए। 2018 के विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस की ओर से जो वादे किए गए थे, उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ है, इसी कारण 2023 के विधानसभा चुनाव में जनता ने उन्हें आउट कर दिया। 5 साल तक उन्होंने छत्तीसगढ़ का विकास रोका। छत्तीसगढ़ की जनता के साथ विश्वासघात किया, इसलिए उन्हें क्षमा यात्रा निकालनी चाहिए।

### कांग्रेस को पश्चाताप यात्रा निकालनी चाहिए : नवीन

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कंडेय ने कहा, कांग्रेस पार्टी को न्याय यात्रा नहीं, बल्कि पश्चाताप यात्रा निकालनी चाहिए। पिछले 5 साल जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रही तब संत गुरु घासीदास की जन्मस्थली गिरौदपुरी से यह यात्रा प्रारंभ की है। प्रदेश में जब भाजपा की सरकार थी तब कुतुब मीनार से भी ऊंचा जैतखाम बनाया गया इसके साथ ही आसपास के क्षेत्र का भी विकास भाजपा के शासनकाल के दौरान हुई। गुरु घासीदास की जन्म स्थल को मंदिर भी भाजपा की सरकार नहीं बनाई, लेकिन पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस की सरकार रही और इन 5 वर्षों में विकास के नाम पर उस पवित्र स्थल में विकास के नाम पर एक ईंट भी नहीं रखी।



### अन्याय करने वाले न्याय यात्रा निकाल रहे यह समझ से परे : श्रीवास्तव

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की न्याय पदयात्रा को सुपर फ्लॉप शो बताते हुए कहा, राहुल गांधी की न्याय यात्रा का पूरे देश में हश्र देखने के बाद भी चाटुकारिता की संस्कृति के तहत छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की निकली न्याय यात्रा का हाल उसे भी बुरा हुआ है। उन्होंने संवाददाताओं से चर्चा में कहा, यह यात्रा कांग्रेस के लिए एक अच्छा अवसर था कि जब कांग्रेस प्रदेश के 18 लाख लोगों को 5 साल तक आवास न देने की गलती की माफी मांग सकती थी। कांग्रेस की इस तथाकथित न्याय यात्रा का स्वागत गंभीर अपराधों में संलिप्त अपराधी और जिलाबदर हुए अपराधी कर रहे थे। बड़े-बड़े फ्लेक्स लगाकर अपराधियों ने कांग्रेस की इस तथाकथित न्याय यात्रा का स्वागत किया। इससे इस तथाकथित न्याय यात्रा पर सवालिया निशान लगा है। सत्ता छिन जाने से छटपटाती और मुद्दों से भटकी कांग्रेस की तथाकथित न्याय यात्रा में अपनी संस्कृति के अनुसार आपसी सिर-फुटौव्वल झगड़े, बैनर-पोस्टर तक फाड़े गए।

## सीएम ने किया 'धोलिदा' गरबा इवेंट का पोस्टर विमोचन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 9 से 11 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 'धोलिदा' गरबा इवेंट का भव्य पोस्टर विमोचन किया गया। यह कार्यक्रम राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को मनाने का एक अनूठा अवसर है, जिसमें केंद्रीय भारत का सबसे बड़ा गरबा इवेंट होने जा रहा है। इस भव्य आयोजन का संचालन 'गुंजन्स आयोजन' द्वारा किया जा रहा है और यह 'हुक्म का ललित महल' रायपुर में होगा। धोलिदा का प्रिंट मीडिया पार्टनर हरिभूमि है। इस आयोजन के निर्देशक गुंजन चौहान चंदेल ने बताया कि 'इस साल हम गरबा को छत्तीसगढ़ी संस्कृति के थीम पर पेश करेंगे। यह हमारे राज्य की अद्भुत सांस्कृतिक विविधता को दर्शाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।'

### प्रतिनिधिमंडल ने डिप्टी सीएम से की मुलाकात



**रायपुर।** अपनी समस्याओं को लेकर साईंनगर जोरा के प्रतिनिधिमंडल ने गत दिनों डिप्टी सीएम अरुण साव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में होने वाले नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले ही करीब 3 करोड़ रुपए के प्रस्तावों को साईंनगर जोरा में नई नालियों और सड़कों के निर्माण के लिए निगम आयुक्त द्वारा नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक की ओर विगत दिनों भेजा गया है, उसकी प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने के लिए डिप्टी सीएम से प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रबल पहल की गई है, जिसको उनकी ओर से सहर्ष स्वीकारा भी गया। मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी, पूर्व सचिव संतोष शर्मा, पूर्व कोषाध्यक्ष सुरेश सोनी, छगनलाल साहू और श्याम सुंदर राय आदि शामिल थे।

## खाड़ी में बना साइक्लोन तो प्रदेश में पांच से बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवाती घेरा रूप बदलकर साइक्लोन बन जाता है, तो पांच अक्टूबर से प्रदेश में बारिश की गतिविधि बन सकती है। तीन दिन तक इसका असर दक्षिण, मध्य फिर उत्तर तक रहने की संभावना है। अभी भारी उमस और दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री के पार होने की वजह से लोग चिपचिपी गर्मी से काफी परेशान हैं।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अक्टूबर में मानसूनी गतिविधि कम रहती है, मगर बंगाल की खाड़ी में बनने वाले सिस्टम और साइक्लोन की वजह से प्रदेश में यदा कदा बारिश हो जाती है। आने वाले दिनों में भी कुछ इसी तरह की स्थिति बनने के आसार हैं। अभी दक्षिण-पूर्व बांग्लादेश और उसके आसपास एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा मौजूद है। इसके साथ एक द्रोणिका इस ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण से उत्तर अंडमान सागर



तक विस्तारित है। अनुमान है कि चार अक्टूबर को बंगाल की खाड़ी में आने के बाद यह निम्न दाब के रूप में परिवर्तित हो जाएगा। इसके प्रभाव से पांच अक्टूबर से प्रदेश के दक्षिणी भाग से प्रारंभ होकर सात अक्टूबर को उत्तर छत्तीसगढ़ में वर्षा होने की संभावना बन रही है। अभी राजधानी समेत पूरा प्रदेश उमस भरी गर्मी से परेशान है। माना जा रहा है कि साइक्लोन की वजह से 10 अक्टूबर तक बादल रह सकता है। इसके बाद पुनः आसमान साफ होते ही तापमान के साथ तेज गर्मी अपना असर दिखाएगी।

## शेयर ट्रेडिंग, गूगल रीव्यू टास्क के नाम पर ठगी, रायपुर-दुर्ग से चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शेयर ट्रेडिंग, गूगल रीव्यू करने के नाम पर ठगी करने वाले जालसाजों के लिए बैंक अकाउंट, सिम कार्ड उपलब्ध कराने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने सात जालसाजों को गिरफ्तार किया है। इनमें से चार जालसाज रायपुर तथा दुर्ग के रहने वाले हैं। तीन करोड़ रुपए की ठगी के पांच अलग-अलग मामलों में पूर्व में पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने जालसाजों की मदद करने वाले चार स्थानीय मददगारों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जालसाजों के अकाउंट से 70 लाख रुपए होल्ड कराया है।

- जालसाजों ने तीन करोड़ रुपए की ठगी की थी

रेंज साइबर पुलिस द्वारा जारी बयान के मुताबिक शेयर ट्रेडिंग तथा गूगल रीव्यू टास्क के नाम पर ठगी करने के पांच अलग-अलग मामलों में अब तक सात आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। जालसाजी के आरोप में पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें पश्चिम बंगाल, कोलकाता निवासी सोमनाथ सरदार, दुर्ग, भिलाई निवासी प्रेम चंद्राकर, पुरुषोत्तम देवांगन, धरमपुरा निवासी हिमांशु निर्मलकर, मध्यप्रदेश, इंदौर निवासी मेहुल प्रजापति, सुंदर नगर निवासी वासु मानिक, टिकरापारा निवासी लुपेश साहू के नाम शामिल हैं।



### ठगी के पैसों से लग्जरी गाड़ी के साथ घर बनवाया

पुणे में कॉल सेंटर संचालित करने की आड़ में ठगी करने के आरोप में पकड़े गए प्रेम चंद्राकर ने ठगी के पैसों से भव्य मकान बनवाने के साथ लग्जरी कार खरीदी है। पुलिस के अनुसार प्रेम ने श्वेता मेहरा से साढ़े 29 लाख की ठगी की थी। पुलिस के अनुसार प्रेम ने श्वेता के साथ देश के अलग-अलग राज्य के लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। पुलिस के अनुसार ठगी के पैसों से प्रेम का लाइफ स्टाइल काफी लग्जरियस था। पूर्व में गिरफ्तार प्रेम का एक साथी जो गुजरात का रहने वाला है, उसके कब्जे से पुलिस ने पांच सौ बैंक अकाउंट जब्त किया है।

### जालसाजों को छह सौ से ज्यादा सिम कार्ड उपलब्ध कराया

दुर्ग निवासी पुरुषोत्तम देवांगन ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसके माध्यम से जालसाजों को छह सौ से ज्यादा सिम कार्ड पहुंचा है। पुलिस के अनुसार एक सिम कार्ड के बदले पुरुषोत्तम को पांच सौ से एक हजार रुपए तक मिलते थे। पुरुषोत्तम पेशे से एक मोबाइल कंपनी का सिम बेचने का काम करता था। पुरुषोत्तम ने जालसाजों को जो सिम कार्ड उपलब्ध कराया है, पुलिस उसे डिएक्टिवेट कराने की बात कह रही है।

### डिजिटल अरेस्ट कर ठगी भिलाई का युवक गिरफ्तार

एक अन्य मामले में उत्तराखंड एसटीएफ के टीम पिछले दिनों डिजिटल अरेस्ट कर 43 लाख रुपए ठगी करने के आरोप में भिलाई के किसी मोनू नामक युवक को गिरफ्तार कर अपने साथ देहरादून लेकर गई है। मोनू के अकाउंट में एक करोड़ 27 लाख रुपए का संदिग्ध लेन-देन पाया गया है। जालसाजों ने हरिद्वार के एक कारोबारी को कॉल कर उनके नाम का इरान से पार्सल आने का झांसा देकर दो अवैध भारतीय पासपोर्ट, पांच किलो प्रतिबंधित दवा तथा 50 ग्राम ड्रग्स होने का झांसा देकर डिजिटल अरेस्ट कर ठगी की थी। ठगी की रकम मोनू के अकाउंट के माध्यम से ट्रांजेक्शन की गई थी।

### 50 हजार रुपए किराए पर बैंक अकाउंट

पुलिस के अनुसार जालसाजों को रकम ट्रांसफर कराने बैंक अकाउंट उपलब्ध कराने के आरोप में टिकरापारा निवासी हिमांशु निर्मलकर को गिरफ्तार किया गया है। उसने एसबीआई में मेहुल इंटरप्राइजेस के नाम से करंट अकाउंट खुलवाया। इसके बाद उसने जालसाजों को 50 हजार रुपए किराए पर अपना बैंक अकाउंट उपलब्ध कराया। इसी तरह से वासु मनिक तथा लुपेश साहू ने एसबीआई में मनिक इंटरप्राइजेस नाम से करंट अकाउंट खुलवाया। इसके बाद दोनों ने अकाउंट डिटेल जालसाज मेहुल को दे दिया। पुलिस के अनुसार महज 19 तथा 20 साल के रायपुर के दोनों जालसाजों ने ठगी की रकम से अपने लिए महंगे मोबाइल सेट खरीदे हैं।




**।। शपथपत्र ।।**

मैं हलधर साहू पिता हरीराम साहू उम्र 39 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम बैहरसरी पोस्ट छिरहा तहसील व जिला बेमेतरा (छ.ग.) का निवासी हूं जो निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं :-

1. यह कि मैं ऊपर दर्शित पते का निवासी हूं।
2. यह कि मेरे पुत्र के आधारकार्ड में मेरे पुत्र का नाम राहुल कुमार साहू गलत रूप से अंकित हो गया है अर्थात सही नाम नहीं है अन्य समस्त शासकीय दस्तावेज में मेरे पुत्र का नाम गौरव साहू है जो सही नाम है सत्य एवं सही है।
3. यह कि मेरे पुत्र के कक्षा 5वीं के मार्कशीट/अंकसूची एवं जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम गौरव साहू पिता हलधर साहू लिखा है केवल आधारकार्ड में नाम त्रुटि है जिसे सुधार किया जाना आवश्यक है।
4. यह कि इस संबंध में आम सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार से कोई दावा या आपत्ति हो तो निर्धारित 15 दिवस के भीतर दावा या आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।
5. यह कि मेरे पुत्र का वास्तविक/असल नाम गौरव साहू पिता हलधर साहू है जिसके संबंध में यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

हलधर साहू
शपथकर्ता

।। सत्यापन ।।

मैं हलधर साहू पिता हरीराम साहू उम्र 39 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम बैहरसरी पोस्ट छिरहा तहसील व जिला बेमेतरा (छ.ग.) का निवासी हूं, जो सत्यापित करता हूं कि शपथपत्र की कंडिका क्र. 1 से 5 तक के कथन मेरे स्वतः के ज्ञान से सत्य व सहीं है, जिसे आज दिनांक 03.10.2024 को स्थान बेमेतरा में पढ़कर, समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

सत्यापनकर्ता
हलधर साहू

### शिविर में जुटे योगाचार्य

**रायपुर।** भारतीय योग संस्थान द्वारा बीते 58 साल से 2 अक्टूबर को योग दिवस के रुप में मनाया जा रहा। इस अवसर पर मंगलवार को सामूहिक योग शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में पांच सौ से अधिक योग संस्थान केंद्रों के सदस्यों ने मिलकर योग किया। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुई, जिसमें नवरात्रि की झलक देखने को मिली। भारतीय योग संस्थान के जिला प्रधान मुकेश सोनी ने ताड़ासन, कोणासन, धनुरासन, सरपासन, शलभासन, नौकासन का अभ्यास कराया। जिला प्रधान ने बताया, संस्थान द्वारा लोगों को योग के प्रति जागरुक करने के मुख्य उद्देश्य से योग दिवस की शुरुआत की गई थी। वर्तमान में शहर में ही विभिन्न केंद्र का संचालन किया जा रहा, जहां निःशुल्क में योग प्रशिक्षण दिया जाता है।



## खबर संक्षेप

### चंडी माता मंदिर में जगमगाई 292 ज्योति

**गुण्डरदेही।** शारदीय नवरात्रि के पहले दिन नगर पंचायत गुण्डरदेही के हटरी बाजार में स्थित चंडी माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर ज्योति कलश की स्थापना की गई। इस नवरात्रि में कुल 292 ज्योति कलश की स्थापना की गई है।

### मां भरारीपाठ मंदिर में 89 ज्योति कलश स्थापित

**गुण्डरदेही।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर ग्राम बोरगहन (फूण्डा) में माँ भरारीपाठ मंदिर में 89 ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है। लोगों की मान्यता है कि ग्राम बोरगहन स्थित माँ भरारीपाठ में ज्योति जलाकर मांगने वाली मनोकामना बहुत जल्द पूरी होती है। इसीलिए यहाँ जलने वाली ज्योति की संख्या प्रतिवर्ष बढ़ती जा रही है।

इस अवसर पर सरपंच संतराम चंद्राकर, रामखिलावन साहू, राम बालक साहू, जगत राम साहू, अंजु राम साहू, रमेश विश्वकर्मा, चैतु राम साहू, अनुज राम साहू एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### बोरगहन स्कूल में छन्नूलाल ने कराया न्योता भोज

**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला बोरगहन में छन्नूलाल साहू द्वारा अपने पिता कृपा राम साहू एवं माता बैसाखिन साहू के श्राद्ध पर स्कूल के बच्चों को न्योता भोज कराया। इस अवसर पर प्रधानपाठक केवल साहू, ओम शंकर निषाद सहित स्कूल के सभी स्टाफ उपस्थित थे।

### सांसद बघेल ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन

**जामगांव आर।** अरमरीखुर्द रिवागहन में गांधी जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, जिपं सदस्य हर्षा चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, खेमलाल साहू, नारद साहू, भगवान सिंह चंद्राकर, तेजेंद्र पिपरिया, निर्मल जैन सहित अनेक भाजपा नेता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

**अभियान :** स्वच्छता पखवाड़ा के समापन अवसर पर जिला मुख्यालय बेमेतरा में दी शानदार प्रस्तुति

# शिक्षा विभाग नवागढ़ की टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वच्छता पखवाड़ा के समापन के अवसर पर जिला मुख्यालय बेमेतरा में आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नवागढ़ के शिक्षक शिक्षकाओं की टीम के द्वारा स्थानीय मंडी प्रांगण पर बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी गई। जिसे सभी ने बहुत सराहा। स्वच्छता ही सेवा अभियान स्वच्छ भारत दिवस सम्मान कार्यक्रम 2 अक्टूबर 2024 जिला प्रशासन बेमेतरा के द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम में कलेक्टर रणबीर शर्मा के द्वारा नवागढ़ ब्लाक के शिक्षक शिक्षिकाओं को स्वच्छता गीतों पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुति के साथ स्वच्छता संदेश को जन-जन तक पहुंचाकर अहम भूमिका निभाने के लिए प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

शिक्षक व मास्टर ट्रेनर्स छत्तीसगढ़ी भाषा शांत कुमार पटेल ने बताया कि सांस्कृतिक कला मंच शिक्षा विभाग नवागढ़ के शिक्षक शिक्षिकाओं ने शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता के लिए एक नई पहल करते हुए शिक्षक शिक्षिकाओं की 21 सदस्यीय टीम तैयार कर छत्तीसगढ़ी भाषा एवं संस्कृति को संजोते हुए छत्तीसगढ़ी परिधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम में स्वच्छता जागरूकता सामूहिक नृत्य प्रस्तुति दी गई। सम्मान समारोह में सम्मानित शिक्षक महेश कुमार साहू, शान्त कुमार पटेल, जॉनी मारकंडेय, रामकुमार साहू, संजय मस्तके, परमेश्वर साहू, नरेंद्र जायसवाल, भीखम देवांगन, डूमन लाल साहू, किशन कंवर, दीपक यादव, साधना साहू, अर्चना ढोबले, प्रेक्षा साहू, समता सोनी, सुमन लता साहू, कामती ठाकुर, संजीवा राय, गोपेश्वरी साहू, मंजू भारद्वाज, अनीता भैना सम्मानित हुए। जिला स्तरीय स्वच्छता ही सेवा अभियान सम्मान कार्यक्रम के सफल संचालन में मार्गदर्शक जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे, छत्तीसगढ़ी भाषा जिला नोडल थलज कुमार साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ लोकनाथ बांधे, एबीईओ हितेंद्र बंजारे, बीआरसी जगजीवन राम साहू के कुशल नेतृत्व से सु-अवसर प्रदान हुआ।






## एनएसएस के स्वयं सेवकों ने श्रमदान कर की सफाई



**बेमेतरा।** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत नवीन महाविद्यालय बेरला के परिसर की साफ सफाई की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रेमलता गौरे द्वारा स्वच्छता के महत्व को बताया गया। बेरला महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाल कर, लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत निबंध, स्लोगन एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें अत्यधिक विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम हतपान में स्लोगन के साथ रैली निकाली गई एवं सिंगल उपयोग प्लास्टिक का संग्रहण किया। स्वयंसेवकों के उत्साह को देखते हुए ग्राम हतपान के लोग भी सम्मिलित हुए। स्वयं सेवकों द्वारा आदिशक्ति मां कारोकन्या की पावन धरा में मंदिर प्रांगण की साफ - सफाई की।

**स्वच्छता के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालों का किया गया सम्मान:** 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर बेरला नगर पंचायत नगर निगम द्वारा स्वच्छता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वच्छता के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालों को नगर पंचायत बेरला द्वारा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सभी ने स्वच्छता की शपथ ली। स्वच्छता अभियान में अमन कुमार देवांगन, बलराम साहू, किशन साहू, केशव यादव, लक्ष्मी साहू, दुर्गा साहू, हेमा निषाद, तनु पाटिल, वैष्णवी चौहान, स्नेहा साहू, सानिया कोसले, मेघा, बेबी, गामिनी वर्मा स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस अभियान का सफल क्रियान्वयन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी युवराज पावले, आशीष एक्का, खुशबू ध्रुव द्वारा किया गया।

## स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता मित्रों का हुआ सम्मान

**बेमेतरा।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल ने नवागढ़ स्थित भगवान शमि गणेश मंदिर परिसर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत साफ-सफाई के लिए श्रमदान किया। इसके साथ ही वे सफाई मित्र सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर स्वच्छता गाड़ी को हरी झण्डी दिखाकर स्वच्छता के लिए रवाना किया। नागरिकों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई। स्वच्छता की प्रतिज्ञा के लिए लगाए गए पोस्टर पर हस्ताक्षर कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कार्यक्रम में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता मित्रों को सम्मानित किया।

■ नवागढ़ में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए खाद्य मंत्री दयाल दास

इस अवसर पर नगर पंचायत नवागढ़ की अध्यक्ष मंजू लता रात्रे, उपाध्यक्ष आशा राम धुरव, पार्षद हेमंत सोनकर, नैना कुर्रे, जाहिद बेग, राम नारायण श्रीवास, टिकमपुरी गोस्वामी सहित बड़ी संख्या स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल करें

श्री बघेल ने कहा कि राष्ट्रपति महात्मा गांधी ने कहा था कि स्वतंत्रता के साथ ही स्वच्छता भी जरूरी है। बापू के सपने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाथ में झाड़ू पकड़कर शुरूआत की। देश के लोग स्वच्छता अभियान में सहभागी बने। स्वच्छता को सभी अपने आदत में शामिल करना चाहिए।

मंत्री श्री बघेल ने कहा कि स्वच्छता के प्रति हम सब लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को स्वच्छता के महत्व को राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाकर बताया है। इसी का परिणाम है कि आज घर-घर शौचालय है। गली-मोहल्लों में भी साफ-सफाई हो रही है। इसके बावजूद भी स्वच्छता के प्रति स्वयं भी जागरूक होने की जरूरत है और दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है।

# सीखने-सिखाने का सशक्त माध्यम है प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में जिले के दो विकास खंडों बेमेतरा और बेरला के शिक्षकों का कक्षा छठवीं से आठवीं तक के गणित विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 3 से 5 अक्टूबर तक किया जा रहा है।

■ डाइट बेमेतरा में शुरू हुआ मिडिल स्कूल के गणित विषय के शिक्षकों का प्रशिक्षण

इस प्रशिक्षण में मिडिल स्कूल में गणित अध्यापन कराने वाले 120 शिक्षकों को आमंत्रित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभारी राजकुमार वर्मा ने प्रशिक्षण की तीन दिवसीय रूपरेखा बताई। डाइट के प्राचार्य जेके घृतलहरे ने कहा कि गणित सबके लिए कठिन विषय नहीं होता। छात्रों की रुचि एवं समझ के अनुरूप होता है। इसे बहुत आसान और सरल भी बनाया जा सकता है। मास्टर ट्रेनर्स नीलिमा साहू ने संख्या पर चर्चा करते हुए प्रकृति संख्या, पूर्ण संख्या, पूर्णांक एवं परिमेय संख्या को उदाहरण सहित स्पष्ट करते हुए प्रतिभागियों को सरल शब्दों में बताया। गणित के कठिन से कठिन सवालों को हल करने के लिए सरल विधियों द्वारा अच्छे ढंग से बताया। मास्टर ट्रेनर्स अशोक कुमार साहू ने गणित के सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी से प्रतिभागियों का आकलन किया गया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के रिसोर्स पर्सन स्वरूपा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर चर्चा करते हुए एनसीएफ एफएस और एनसीएफ एसई के संबंध में विस्तार से बताया। प्रतिभागियों को समूह में बांटकर गतिविधियां भी कराई गई।

# स्काउंटिंग जीवन जीने की कला और अनुशासन सिखाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य मुख्य आयुक्त सोमनाथ यादव तथा राज्य सचिव कैलाश सोनी के मार्गदर्शन तथा डॉ कमल कपूर बंजारे जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा के मार्गदर्शन में भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य प्रशिक्षण केंद्र झीपन बलौदा बाजार में तीन दिवसीय सर्व धर्म प्रार्थना शिविर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किया गया।

बेमेतरा जिले से 09 स्काउट्स 10 गाइड्स 02 प्रभारी शिक्षक सहित जिला संगठन आयुक्त फनेन्द्र लोधी के नेतृत्व में 21 सदस्यीय टीम सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के प्रथम दिवस राज्य प्रशिक्षण केंद्र झीपन में स्वच्छता पखवाड़ा अन्तर्गत जन जागरुकता रैली, टेंट पिचिंग, गैजेट्स निर्माण, वृहद वृक्षारोपण अभियान की पूर्व तैयारी तथा प्रार्थना सभा की तैयारी के लिए सेवा कार्य में स्काउट्स गाइड्स ने सक्रिय सहभागिता की। जिले भर के अलग अलग स्कूलों से चयनित स्काउट्स एवं गाइड्स वरिष्ठ स्काउटर उद्धव साहू तथा गाइड प्रभारी मधु मेरावी के साथ सर्व धर्म प्रार्थना सभा के पश्चात वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रशिक्षण केंद्र में विभिन्न फलदार, छायादार, व बहुउपयोगी पौधों की रोपण किये। शिविर में भाग लेते हुए स्काउट गाइड ने विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण प्राप्त किया साथ ही कैम्प फायर में पंथी नृत्य पर मनमोहक प्रस्तुति देते हुए सबकी प्रशंसा हासिल की। स्काउट्स गाइड्स जिला प्रशिक्षण आयुक्त महेश साहू, जिला सचिव सत्यनारायण साहू, वि. खं. सचिव क्वार्टर मास्टर हिरऊ ध्रुव, अनुज राम साहू सहित जिला संघ बेमेतरा ने इस उपलब्धि के लिए टीम को बधाईयाँ व शुभकामनाएं दी है।



उक्त कार्यक्रम में राज्य संघ के अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल सांसद लोकसभा क्षेत्र रायपुर के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम वृहद आयोजन किया गया। राज्य संगठन अध्यक्ष ने स्काउट्स गाइड्स को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउटिंग जीवन जीने की कला तथा जीवन में अनुशासन सिखाती है। स्वच्छता ही सेवा संदेश पर जनजागरूकता कार्य के लिए तथा 2 अक्टूबर को हमारे महान नायकों के जन्मदिवस की सबको बधाई शुभकामनाएं दीं।

# नशा एक सामाजिक बुराई है, इसे हम सबको मिलकर खत्म करना है

### ब्रह्माकुमारीज में गाँधी जयंती पर मनाया गया नशे से आज़ादी समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा नशे से आज़ादी थीम पर गांधी जयंती मनाई गई। इसके साथ ही स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों का स्नेहमिलन कार्यक्रम का आयोजन कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ब्रह्माकुमारीज बेमेतरा में स्थित सेवा केन्द्र किया गया।




कार्यक्रम की शुरुआत शंखध्वनि से परमपिता परमात्मा की याद से की गयी। ब्रह्माकुमारी संस्था के सभी 65 या 70 साल से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन, मंच संचालन, स्वागत, नृत्य, लघुनाटिका सुखमय वृद्धावस्था, वक्तव्य, समारोप समारोह प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम ताराचंद महेश्वरी समाज सेवी, ब्रह्माकुमारीज की संचालिका बी.के. राजयोगिनी शशि दीदी मौजूदगी में हुआ। ब्रह्माकुमारी बी.के. शशि दीदी ने नशा मुक्ति विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने युवाओं को जागरूक कर नशे को छोड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जो नशा सेवन करने के आदि हो चुके हैं उन नौजवानों को नशा छुड़वाने के लिए उनके परिवार वालों का सहयोग बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, इसे हम सबको मिलकर खत्म करना है। हर व्यक्ति अपनी ज़िम्मेदारी को समझे तथा समाज के प्रति अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। अतिथि ताराचंद महेश्वरी ने स्वास्थ्य संबंधित बातों को अवगत कराते हुए कहा कि, शरीर स्वस्थ रहेगा तो ही हम परमात्मा से योग लगा सकेंगे। उन्होंने भोजन और बीमारियों से संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में भाई बहनों का आभार व्यक्त कर सभी में उमंग उल्लास भर दिया। ब्रह्माकुमारीज संस्था के सभी वयोवृद्ध विद्यार्थियों के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन, मंच संचालन, स्वागत, नृत्य, लघुनाटिका, वक्तव्य, समारोप समारोह तथा ब्रम्हा भोजन के साथ सम्पन्न हुआ।

**शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंरा में हुआ जागरूकता कार्यक्रम**

# बाल अपराध में कमी लाने स्कूलों, कालेजों में लगाई गई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

महिला एवं बाल विकास विभाग की देखरेख में जिला बाल संरक्षण की अंर्तविभागीय टीम ने नवागढ़ वि.ख. ग्राम कुंरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय कुरा कक्षा 6वीं से 12वीं तक के समस्त विद्यार्थियों को बाल संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, एक युद्ध नशे के विरुद्ध, मिशन शक्ति आदि विषयों पर विस्तार बताया गया।




व्योम श्रीवास्तव जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं पर्यवेक्षक रानू मिश्रा परियोजना नांदघाट सेक्टर कुरा के द्वारा बाल संरक्षण पर अलग-अलग कक्षाओं में जानकारी देते हुए बताया कि बाल संरक्षण का तात्पर्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य की सुरक्षा और उनके अधिकारों का संरक्षण करना है साथ ही बच्चों को इसके उद्देश्यों के बारे में जानकारी साझा की। बच्चों को शोषण और दुर्व्यवहार से बचाना, बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना, बच्चों के शिक्षा और स्वास्थ्य की सुरक्षा करना, बच्चों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण प्रदान करना। इसके अलावा बाल संरक्षण के महत्वपूर्ण पहलू पर प्रकाश डालते हुए, बाल शोषण, बाल मजदूरी, बाल विवाह, बाल तस्करी की रोकथाम, बच्चों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण की स्थापना पर जानकारी देते हुए बाल संरक्षण के लिए कानूनी अधिनियमों पर संक्षेप में जानकारी दी। उसके बाद राजेंद्र प्रसाद चंद्रवंशी, परियोजना समन्वयक (सीएचएल) जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा बच्चों पर होने वाली लैगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 पर छात्र एवं छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी गई। एक युद्ध नशे के विरुद्ध पर विस्तार से चर्चा करते हुए किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 77, 78 जो कि बालकों को मादक लिकर या स्वापक औषधि या मनःप्रभावी पदार्थ देना या किसी बालक का किसी मादक लिकर, स्वापक औषधि या मनःप्रभावी पदार्थ के विक्रय, फुटकर क्रय-विक्रय, उसे साथ रखने, उसकी पूर्ति करने या तस्करी करने के लिए उपयोग किया जाना सहित मोबाइल के मोह से कैसे बचें, पर विस्तार से जानकारी दी गई। बच्चों से कहा गया कि वर्तमान में बच्चे मोबाईल के मोह से छुटकारा पाने के लिए मोबाईल पर गेम (खेल) ना खेलें बल्कि खेल वास्तविक मैदान में खेलें जिससे खेल में पारंगत होंगें और शारीरिक गतिविधियां भी होगा जिससे बच्चे, कम उम्र में होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर जानकारी साझा किया गया।

श्रम उप-निरीक्षक श्रम विभाग बेमेतरा के द्वारा बाल श्रम प्रतिषेध एवं किशोर श्रम प्रतिषेध अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। पंकज घृतलहरे एवं टुवेन्द्र सिंग वर्मा, पैरालीगल वालेंटियर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सेवाओं पर विस्तार से जानकारी दिया गया। उक्त कार्यक्रम में दोनों विद्यालयों के प्रधान अध्यापक, प्राचार्य एवं व्याख्याता शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

